# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/5903
दिनांक : 04.11.2025

## अनुस्मारक विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय के पत्र संख्या परीक्षा/डी0आर0/9875 दिनांक 15.10.2025 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके माध्यम से विषम सेमेस्टर (प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा छोड़कर) सत्र दिसम्बर–2025 के परीक्षा भरने हेतु विज्ञप्ति निर्गत की गयी थी। सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 08.11.2025 तथा 250/– रूपये प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि 12.11.2025 निर्धारित की गयी है। छात्रों से अपेक्षा की जाती है कि अन्तिम तिथि की प्रतीक्षा किये बिना परीक्षा फार्म तत्काल भरना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि के पश्चात परीक्षा फार्म भरने की कोई भी प्रार्थना स्वीकार नहीं की जायेगी।

ऐसे छात्र/छात्रा जो निर्धारित लिंक पर अपना परीक्षा शुल्क नहीं जमा कर पा रहे है उसका कारण यह है कि उनके महाविद्यालय द्वारा उनके विषयों का चयन ऑनलाईन माध्यम से नहीं किया गया है। ऐसे छात्र/छात्रा विषयों के चयन हेतु महाविद्यालय से सम्पर्क करें। महाविद्यालय द्वारा विषय चयन सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण करते ही छात्र/छात्र अपना परीक्षा शुल्क जमा कर सकेगें।

समस्त छात्र/छात्राओं को पुनः अवगत कराया जाता है कि निर्गत विज्ञप्ति के अनुसार ससमय परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय)।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

उप कुलसचिव (परीक्षा)